## न्यूज डायरी



### बदहाली के कगार पर पाकिस्तान, लग्जरी वस्तुओं के आयात पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान अपने सबसे बुरे आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पाकिस्तान को इससे निपटने के लिए कोई तरकीब नहीं सूझ रहा है। अब पाकिस्तानी सरकार ने इससे उबरने के लिए नया तरकीब निकाला है। बढ़ते आयात के कारण अमेरिकी डॉलर के मुकाबले देश की मुद्रा की रिकॉर्ड गिरावट के बीच पाकिस्तान ने आपातकालीन आर्थिक योजना के तहत 38 गैर–आवश्यक लग्जरी वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि इस फैसले से देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत होगी। शरीफ सरकार ने ट्वीट किया लक्जरी वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाने के मेरे फैसले से देश की कीमती विदेशी मुद्रा की बचत होगी। हम आत्मसंयम करेंगे और आर्थिक रूप से मजबूत लोगों को इस प्रयास में नेतृत्व करना चाहिए।

### चीन के शंघाई में फिर मिले कोरोना केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन सरकार द्वारा देश के कई राज्यों में लगाई गई जीरो कोविड नीति एक बार फिर फेल होती साबित हो रही है। कमर्शियल कैपिटल कहे जाने वाले शंघाई में कोरोना के नए मामला मिले हैं। बीते दिन एक जिले में क्वारंटाइन क्षेत्रों के बाहर तीन नए मामले मिले हैं। यह नया केस 5 दिनों बाद उस समय मिला है जब वहां की सरकार कई शहरों से लाकडाउन और पाबंधियों को हटाने का सोच रही थी। अब 1 जून से हटने वाली पाबंधियों के एक बार फिर जारी रहने की संभावना बढ़ गई है। बता दें कि शंघाई में हाल के दिनों में अधिक लोगों को अपने घरों से निकलने की इजाजत दी गई थी। कई आवासीय परिसरों ने स्थानीय सुपरमार्केट में जाने के लिए निवासियों को सीमित संख्या में पास जारी किए थे। हालांकि अभी भी ज्यादातर लोग डिलीवरी ऐप और सरकारी राशन पर निर्भर रहते हुए घर के अंदर ही फंसे हैं।

### बोइंग ने अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए स्टारलाइनर कैप्सूल को किया लांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी एयरोस्पेस की दिग्गज कंपनी बोइंग ने अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए अपने स्टारलाइनर कैप्सूल को आज लांच कर दिया है। यह एक महत्वपूर्ण बिना चालक वाली परीक्षण उड़ान है जिसे कई वर्षों की विफलता के बाद लांच किया गया है। यह परीक्षण काफी वक्त से पेंडिंग था, जिसे पहले साफ्टवेयर में कमी के कारण रोक दिया गया था। दूसरी और लांचिग के कुछ देर बाद ही बोइंग के स्टारलाइनर को आइएसएस के रास्ते में आगे बढ़ने में समस्याओं का सामना करना पड़ा है। वहीं नासा का कहना है कि मिशन ट्रैक पर बना हुआ है। इस परीक्षण के जरिए कंपनी अपनी ताकत दिखाना चाहती है और बताना चाहती है कि उसका स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष यात्रियों के लिए सुरक्षित है। वहीं अगर मिशन सफल होता है तो बोइंग को जेटलाइनर बिजनेस में इसका फायदा मिल सकता है।

### अब विदेश में भी भारत मार्ग, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** किंग्सटाउन। भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस में भारत मार्ग का उद्घाटन करने वाले हैं। इस दौरान एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस प्रधानमंत्री राल्फ ई गोंजाल्विस और स्थानीय समुदाय के लोग मौजूद रहेंगे। बताया जा रहा है कि पहले इस सड़क का नाम काल्डर रोड था, जिसे बदलकर इंडिया ड्राइव–भारत मार्ग कर दिया जाएगा। राष्ट्रपति कोविंद ने गुरुवार को सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति के क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने पर चर्चा हुई। अपनी दो कैरिबियाई देशों की यात्रा के दूसरे चरण में यहां पहुंचे कोविंद ने सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस के गवर्नर जनरल डेम सुसान डोगन और प्रधानमंत्री राल्फ गोंजाल्वस से मुलाकात की।

# पाकिस्तान में बलूच महिला की गिरफ्तारी का विरोध

**विरोध**

## प्रदर्शनकारियों ने नूरजहां को तुरंत रिहा करने की मांग की



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

क्वेटा। आतंकवाद विरोधी विभाग द्वारा बलूचिस्तान के तुरबत से नूरजहां की गिरफ्तारी के खिलाफ लोगों के एक समूह ने क्वेटा प्रेस क्लब के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए, कई बलूच नेताओं ने कहा, आतंकवाद विरोधी विभाग अब हमारे युवाओं के बाद हमारी महिला लोगों को गिरफ्तार कर रहा है। सीटीडी द्वारा नूरजहां की गिरफ्तारी निंदनीय है। बलूच नेताओं ने कहा कि सरकारी एजेंसियों ने पहले युवकों को जबरदस्ती गिरफ्तार किया और फिर बिना किसी सुराग के गायब कर दिया और कुछ समय बाद उनके उत्पीड़ित और क्षत–विक्षत शव उनके घरों से दूर पाए गए।

बलूच नेताओं ने कहा, अब वे हमारी महिलाओं को भी गिरफ्तार कर रहे हैं। यह असहनीय है। उन्होंने मांग की कि नूरजहां को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। अन्यथा, हम कुछ मजबूत कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे और इसके लिए सरकार और उसकी एजेंसियां जिम्मेदार होंगी।

**मानवाधिकारों का हो रहा है उल्लंघन** बलूच राष्ट्रीय आंदोलन के मानवाधिकार सचिव नजीर नूर बलूच ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त, ह्यूमन राइट्स वाच और पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) सहित मानवाधिकार संगठनों को पत्र लिखा। उन्होंने अपने पत्र में कहा, पिछले दो दशकों से, बलूचिस्तान सबसे खराब मानवाधिकारों के उल्लंघन का सामना कर रहा है।

सामूहिक सजा के परिणामस्वरूप, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा बलूच जनता को दैनिक आधार पर पीड़ित किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इन अत्याचारों और मानवाधिकारों के हनन को उजागर करने के लिए, राजनीतिक दलों और बलूचिस्तान के मानवाधिकार संगठनों ने एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वाच जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को स्थितियों को समझाने के लिए कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

**बलूचिस्तान लंबे वक्त से इस मुश्किल का कर रहा है सामनाः** आपको बता दें कि बलूचिस्तान लंबे वक्त से बड़ी मुश्किल का सामना कर रहा है, जहां पर प्रतिदिन महिलाओं और बच्चों के जबरन गायब होने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में एक नार्वे के नागरिक और मानवाधिकार कार्यकर्ता एहसान अर्जेमंडी, जो बलूच लोगों के गायब होने की एक बड़ी संख्या की जांच के लिए पाकिस्तान गए हुए थे, वहां पर उनके साथ भी बुरा व्यवहार किया गया। अर्जेमंडी को असंवैधानिक ढंग से हिरासत में लिया गया और उन्हें क्रूरता से बुरी तरह प्रताड़ित किया गया।

## इमरान अपनी विदेश नीति के चलते रूस गए थे: बिलावल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस यात्रा को लेकर बचाव किया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान को इस चीज के लिए दंडित करना बहुत ही अनुचित है।

बता दें कि रूस–यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के समय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहते हुए इमरान खान ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मॉस्को में मुलाकात की थी। इमरान के इस तरह रूस जाने पर पश्चिमी देशों ने कड़ा विरोध जताया था। इसी को लेकर बिलावल ने उनका बचाव किया।

न्यूयॉर्क में बिलावल भुट्टो ने कहा, मैं पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री का बचाव करूंगा। इमरान खान प्रधानमंत्री रहते हुए अपनी विदेश नीति के तहत रूस गए थे। जहां तक बल प्रयोग न करने और संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों की बात है तो पाकिस्तान पूरी तरह स्पष्ट है। हम सिद्धांतों के साथ खड़े हैं। बिलावल भुट्टो ने आगे कहा कि पाकिस्तान संघर्ष का हिस्सा नहीं है। हम किसी भी विवाद का हिस्सा नहीं बनना चाहते हैं। बिलाव भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान हर बार इस बात पर जोर देता है कि रूस यूक्रेन युद्ध का शांति, बातचीत और कूटनीति से हल निकलना चाहिए।



## चेहरा कवर करके टीवी पर आएं महिला एंकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। तालिबान ने फरमान जारी किया है कि महिला अफगान टीवी एंकर और स्क्रीन पर आने वाली दूसरी महिलाओं को टीवी पर आते वक्त अपने चेहरे को ढकना अनिवार्य होगा। एक धार्मिक पुलिस प्रवक्ता ने बीबीसी पश्तो को बताया कि अफगानिस्तान के मीडिया संस्थानों को यह आदेश जारी किया गया। रिपोर्ट के अनुसार महिला पत्रकार ने कहा कि अपने मुंह को ढककर मैं खबर कैसे पढ़ सकती हूं। मुझे समझ नहीं आ रहा है मैं क्या करूं। मुझे काम करना होगा, अपने परिवार में मैं ही कमानेवाली हूं। एक तालिबानी प्रवक्ता के हवाले से न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने बताया कि नया आदेश 21 मई से लागू होगा।

# श्रीलंका में 9 नेताओं को मिली रानिल विक्रमसिंघे की कैबिनेट में जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। आर्थिक संकट और कर्ज में डूबे श्रीलंका में अब राजनीतिक अस्थिरता धीरे–धीरे दूर हो रही है। द्वीपीय देश में पूर्ण मंत्रिमंडल के गठन तक स्थिरता सुनिश्चित करने के प्रयास में शुक्रवार को नौ नए कैबिनेट मंत्रियों की नियुक्ति की गई है। मंत्रियों को आज राष्ट्रपति ने शपथ दिलाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कैबिनेट में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत 25 सदस्य होंगे।

बता दें कि नई कैबिनेट मंत्रियों के शपथ के बाद मंत्रालयों की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है। निमल सिरिपाला डी सिल्वा पोर्ट्स को नौसेना और उड्डयन सेवा मंत्री, सुशील प्रेमजयंता को शिक्षा मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि केहेलिया रामबुकवेला ने स्वास्थ्य मंत्री के रूप में शपथ ली और विजयदास राजपक्षे ने न्याय, जेल मामलों, संवैधानिक सुधार के मंत्री के रूप में शपथ ली है।

नियुक्त किए गए अन्य मंत्रियों में पर्यटन और भूमि मंत्री के रूप में हरिन फर्नांडो, वृक्षारोपण उद्योग मंत्री के रूप में रमेश पथिराना, श्रम और विदेश रोजगार मंत्री के रूप में मनुषा नानायकारा, व्यापार, वाणिज्य और खाद्य सुरक्षा मंत्री के रूप में नलिन फर्नांडो और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री के रूप में तिरान एलेस शामिल हैं।

**जनता से झूठ बोलने की कोई इच्छा नहीं: पीएम रानिल**

नवनियुक्त प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि अगले कुछ महीने सभी नागरिकों के जीवन में सबसे कठिन होंगे और देश को कुछ बलिदान करने और इस अवधि की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। विक्रमसिंघे ने कहा कि उन्हें सच छिपाने और जनता से झूठ बोलने की कोई इच्छा नहीं है। हालांकि ये तथ्य अप्रिय और भयानक हैं, और यही हकीकत है। नई दिल्ली ने इस साल जनवरी से कर्ज में डूबे श्रीलंका को ऋण, क्रेडिट लाइन और क्रेडिट स्वैप में 3 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक की प्रतिबद्धता दी है।

### अमेरिकी सेना के शीर्ष अधिकारी ने रूस के चीफ आफ जनरल स्टाफ से की बातचीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी सेना के शीर्ष जनरल मार्क मिले ने रूस के चीफ आफ जनरल स्टाफ वालेरी गेरासिमोव के साथ टेलीफोन पर बात की है। अमेरिकी सेना ने यह जानकारी दी है। यूएस ज्वाइंट चीफ्स आफ स्टाफ के अध्यक्ष मिले के प्रवक्ता ने कहा कि सैन्य नेताओं ने सुरक्षा संबंधी कई मुद्दों पर चर्चा की और संचार की लाइनें खुली रखने पर सहमति व्यक्त की है।

साथ ही प्रवक्ता ने कहा पिछले अभ्यास के अनुसार उनकी बातचीत का विशिष्ट विवरण निजी रखा जाएगा। पिछले हफ्ते अमेरिकी रक्षा सचिव लायड आस्टिन ने अपने रूसी समकक्ष के साथ बात की थी। दोनों ही शीर्ष अधिकारियों में यह बातचीत फरवरी में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण शुरू करने के बाद पहली बार हुई थी। वहीं, दूसरी ओर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन युद्ध को लेकर चेताया है। उन्होंने मोल्दोवा के राष्ट्रपति की मेजबानी करते हुए इस बात पर चिंता जताई कि यह युद्ध यूक्रेन के पड़ोसी देशों तक फैल सकता है।